web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, बुधवार 20 मार्च 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-170

महत्वपूर्ण एवं खास

आईएस ने सीरियाई कुर्दों से बदला लेने को कहा

बेरूत (आरएनएस)। पूर्वी सीरिया में कुर्दों के नेतृत्व वाले बलों से अपने कब्जे वाले अंतिम क्षेत्र को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे चरमपंथी समूह इस्लामिक स्टेट ने अपने लोगों से कहा है कि वे युद्धग्रस्त देश में जहां भी संभव हो, वहीं कुर्दों से बदला लें। आईएस के एक प्रवक्ता अबी हसन अल मुजाहिर ने सोमवार को टेलीग्राम पर पोस्ट की गई एक ऑडियो क्लिप में अपने समर्थकों से कहा कि वे कुर्दों के नेतृत्व वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में बदला लेने की कार्रवाई करें। मुजाहिर ने कहा, ''अपने बहन-भाइयों के खून का बदला लें...विस्फोटक उपकरण लगाएं, स्नाइपरों को काम में लगाएं।''

पूर्व सीएम शंकर सिंह वाघेला के घर चोरी

शक के घेरे में चौकीदार

अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात के पूर्व सीएम शंकर सिंह वाघेला के घर से चोरी की खबर है. चोरी का शक चौकीदार पर है. गांधीनगर के पेथापुर पुलिस चौकी में दायर एफआईआर के अनुसार उनका चौकीदार बासुदेव नेपाली उर्फ शंभू गुरखा और उसकी पत्नी शारदा तीन लाख रुपये और दो लाख के गहने लेकर उनके घर वसंत वागडो से लेकर भाग गए.

स्कूल फीस बढ़ाने की अनुमति देने के हाईकोर्ट के फैसले को चुनोती देगी आप सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। सार्वजनिक भूमि पर बने निजी विद्यालयों को पूर्व अनुमति के बिना शुल्क बढ़ाने से रोकने वाले नियम को दरकिनार करने के उच्च न्यायालय के निर्णय को दिल्ली सरकार चुनौती देगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह यहां चल रहे बिना सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों को इस बात की अनुमति दे दी थी कि वे फीस में अंतरिम बढ़ोत्तरी कर सकते हैं ताकि वे अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों की तनख्वाह में इजाफा सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप कर सकें। शिक्षा निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''यह स्थिति(फीस में बढ़ोत्तरी की अनुमति) सरकार के साथ समझौते का हिस्सा है जो भूमि आवंटन के समय विद्यालय के साथ किया गया था। अगर उनको फीस में मनमानी बढ़ोत्तरी करने की अनुमति दे दी जायेगी तो अंतिम रूप से माता पिता ही परेशान होंगे, जो कि हमारे हित में नहीं है। इसलिए हम आदेश को चुनौती देंगे। यहां करीब 325 निजी विद्यालय हैं और इनमें से कुछ बहुत प्रतिष्ठित हैं और वे सरकार की भूमि पर बने हैं।

रक्षा मंत्रालय : तालिबान ने अफगानिस्तान के 58 सैनिकों को किया कैद

एजेंसी। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि तालिबान ने अफगानिस्तान के 58 सैनिकों को कैद कर लिया है. उत्तर-पश्चिम अफगानिस्तान के बगदी प्रांत के बाला मरघाब जिले में तालिबान के आतंकवादियों और सैनिकों के बीच संघर्ष की खबरें आ रही थीं. यह क्षेत्र तुर्कमेनिस्तान की सीमा से लगा हुआ है. रक्षा मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा, '' दुर्भाग्यवश, 58 बीएसएस (सीमा सुरक्षा सैनिक) के सैनिकों को दुश्मनों ने कैद कर लिया है. जब तक हम उनकी तलाश नहीं कर लेते अभियान जारी रहेगा.

दिल्ली के वेलकम इलाके में विवाह समारोह के दौरान अज्ञात लोगों ने चलाई गोलियां, एक जख्मी

दिल्ली। वेलकम इलाके में सोमवार रात को एक विवाह समारोह के दौरान अज्ञात लोगों द्वारा की गई गोलीबारी में एक शख्स जख्मी हुआ है. घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है. पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है.

प्रमोद सावंत बने गोवा के नए सीएम

रात दो बजे ली शपथ

पणजी (आरएनएस)। गोवा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रमोद सावंत ने 11 मंत्रियों के साथ सोमवार की देर रात दो बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल मृदुला सिन्हा ने डोना पौला स्थित राजभवन में डॉ. सावंत को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। डॉ. सावंत ने कोंकणी में शपथग्रहण की जहां उनके साथ 11 महाराष्ट्रवादी गोमंतक पार्टी के सुदीन धावलीकार और गोवा फॉरवर्ड पार्टी के विजय सरदेसाई समेत 11 मंत्रियों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, डॉ. सावंत के मंत्रिमंडलीय सहयोगी, विधायक एवं अन्य गणमान्यजन मौजूद थे।

डॉ. सावंत बिचोलिम विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। वह मार्च 2017 में उस समय प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए, जब मनोहर परिंकर की अगुवाई में राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन सरकार का गठन किया गया। परिंकर की लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया जिसके बाद सोमवार को डॉ. सावंत नये मुख्यमंत्री बने। इससे पहले भाजपा नेताओं ने गठबंधन सहयोगियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री पद के लिए डॉ. सावंत के नाम का प्रस्ताव रखा था।

पैंतालिस वर्षीय डॉ. सावंत महाराष्ट्र में कोल्हापुर स्थित गंगा एजूकेशन सोसायटी के आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय से आयुर्वेद मेडीसिन एंड सर्जरी में स्नातक तथा पुणे के तिलक महाराष्ट्र यूनीवर्सिटी से मास्टर ऑफ सोशल वर्क में स्नातकोत्तर उपाधि हासिल की थी।

तेजाब से हमला बर्बर और हृदयहीन अपराध हैं : सुको

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तेजाब से हमला एक ''बर्बर और हृदयहीन अपराध'' है जिसके लिये किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जा सकती। शीर्ष अदालत ने करीब 15 साल पहले 2004 में 19 वर्षीय लड़की पर तेजाब फेंकने के अपराध में पांच साल जेल में गुजारने वाले दो दोषियों को आदेश दिया कि वे पीड़ित लड़की को डेढ़ डेढ़ लाख रूपए का अतिरिक्त मुआवजा भी दें। शीर्ष अदालत ने हिमाचल प्रदेश सरकार को भी निर्देश दिया कि वह पीड़ित मुआवजा योजना के तहत तेजाब हमले की पीड़ित को मुआवजा दे। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ ने कहा, ''निश्चित ही, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि इस मामले में प्रतिवादियों (दोनों दोषियों) ने पीड़ित के साथ बर्बर और हृदयहीन अपराध किया और इसलिए उनके प्रति नरमी सोचने के लिये कोई गुंजाइश ही नहीं है।'' पीठ ने कहा कि इस तरह के अपराध के मामले में किसी प्रकार की नरमी नहीं की जा सकती है। यह न्यायालय इस स्थिति से बेखबर नहीं रह सकता कि पीड़ित को इस हमले से जो भावनात्मक आघात पहुंचा है उसका भरपाई दोषियों को सजा देने या फिर किसी भी मुआवजे से नहीं की जा सकती है। न्यायालय ने दोनों दोषियों की दस दस साल की सजा घटाकर पांच पांच साल करने के हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के 24 मार्च, 2008 के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर यह निर्णय सुनाया। पीड़ित के अनुसार वह 12 जुलाई, 2004 को अपने कालेज जा रही थी तभी दुपहिया वाहन पर दो व्यक्ति आये और उस पर तेजाब फेंक कर भाग गये।

होली के बाद चुनावी मैदान में डटेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। आप के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रैलियों और जनसभा का शेड्यूल फाइनल किया जा रहा है और पार्टी मंगलवार को चुनाव अभियान की रणनीति को लेकर घोषणा कर सकती है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बताया कि मुख्यमंत्री दिल्ली में बड़ी रैलियों के अलावा विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा रोड शो को लेकर भी योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में पूर्ण राज्य का मुद्दा अहम रहेगा। दिल्ली के घर- घर तक पूर्ण राज्य की आवाज को पहुंचाने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है। विधानसभा और नगर निगम वार्डो में इस कैंपेन की योजना बनाई गई है।

जानकारी के मुताबिक केजरीवाल दिल्ली में कुछ बड़ी रैलियों को संबोधित कर सकते हैं। इसके लिए विधायकों से मीटिंग भी हो रही है। आप ने वेस्ट दिल्ली के लिए भी अपना कैंडिडेट घोषित कर दिया है। छह लोकसभा क्षेत्रों में तो पार्टी का चुनाव अभियान कई महीनों से चल रहा है और अब पार्टी वेस्ट दिल्ली में प्रचार अभियान की शुरुआत करने जा रही है। हालांकि इस बीच कांग्रेस से गठबंधन को लेकर भी चर्चाएं तेज हो रही हैं लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के नेताओं के अलग-अलग बयान आ रहे हैं और चुनाव की घोषणा भी हो चुकी है। जब तक कांग्रेस की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं आता, तब तक कुछ कहना मुश्किल है। आप सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने तो अपना चुनाव अभियान अब तेज कर दिया है और कांग्रेस की ओर से कोई ऑफर आने पर ही कुछ कहा जा सकता है।

दो साल में एक भी दंगा नहीं हुआ:योगी

सीएम ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड

लखनऊ (आरएनएस)। यूपी सरकार के दो साल पूरे हो गए है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमारी सरकार आज अपने दो वर्ष के कार्यकाल के रिपोर्ट कार्ड के साथ जनता के समक्ष उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 23 करोड़ जनता का अभिनन्दन करते हैं जिनके सकारात्मक सहयोग से हम उत्तर प्रदेश को अग्रणी श्रेणी में लाने की कोशिश में सफल हुए हैं। योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सपा-बसपा सरकारों पर हमला बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि 1990 के बाद से जो सपा और बसपा के शासन काल में व्यापक लूटपाट और घोटालों का लंबा दौर चला। उनके कार्यकाल में भी यूपी विकास में पिछड़ गया। राज्य में अराजकता का माहौल पैदा हो गया था, अपराधियों का राज कायम होने से कानून व्यवस्था के बदतर हालात थे और किसान आत्महत्या करने पर मजबूर थे।

किसान पिछली सरकार की नीतियों के तहत आत्महत्या के लिए मजबूर था। गन्ना मूल्य का बड़ा बकाया था। एमएसपी घोषित होती थी, लेकिन लागू नही हो पाती थी। योगी ने कहा कि ऐसे चुनौतीपूर्ण हालात में 19 मार्च 2017 को हमें प्रदेश की सेवा का मौका मिला। अपने प्रयासों से यूपी की बदहाल तस्वीर को बदलने में हम कामयाब हुए हैं। इससे पहले सूबे में सांप्रदायिक हिंसा का लंबा सिलसिला चला। कैराना और कांधला में हिन्दुओं का पलायन रुका है। लोग वापस अपने घर लौटे रहे हैं, हमारी सरकार में 2 वर्ष में एक भी दंगा नहीं हुआ है।

पुलवामा में सीआरपीएफ के बलिदान को न भूले हैं और न भूलेंगे: डोभाल

गुरुग्राम (आरएनएस)। हरियाणा में गुरुग्राम के कादरपुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 80वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने परेड का निरीक्षण किया। डोभाल ने कहा कि भारत पुलवामा हमले को नहीं भूलेंगा।

डोभाल ने कहा कि देश को मालूम है कि कब, क्या, कहा करना है। डोभाल ने कहा कि हमने पुलवामा हमले का बदला लिया मैं उन 40 जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं। राष्ट्र इसको भूला नहीं है। अजित डोभाल ने कहा कि इस समस्या का निस्तारण करने के लिए समय क्या होगा, जगह कहां होगी, ये तय करने के लिए हमारा नेतृत्व सक्षम है। हम आतंकवाद का मुकाबला करेंगे। डोभाल ने कहा कि कितने गर्व की बात है इस फोर्स ने अस्सी साल पूरे कर लिए है। उन्होंने कहा कि देश की एक मात्र फोर्स ऐसी है जो देश के 32 लाख वर्ग किलोमीटर की रक्षा करती है। देश का कोई भी हिस्सा ऐसा नहीं है, जहां ये फोर्स मौजूद नहीं है। हम सबको सीआरपीएफ पर गर्व है। उन्होंने कहा कि अगर आपका मनोबल बढ़ता है तो देश का मनोबल बढ़ता है। पार्टीशन के वक्त जब पलायन हो रहा था तो हालात नियंत्रित करने में सीआरपीएफ ने अहम भूमिका निभाई। डोभाल ने कहा कि मैं भी 37 साल भारतीय पुलिस सेवा में था, लेकिन आपके बल की कुछ विशेषताएं हैं।

सार्वजनिक रूप से शराब पीने पर पेरू के पूर्व राष्ट्रपति गिरफ्तार

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अलेजांद्रो तोलेदो को कैलीफोर्निया में सार्वजनिक रूप से शराब पीने के संदेह में गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, अधिकारियों ने उन्हें एक रात जेल में रखने के बाद सोमवार की सुबह रिहा कर दिया। तोलेदो अपने देश में लातिन अमेरिका के सबसे बड़े भ्रष्टाचार मामले में वांछित हैं। सैन मैटियो काउंटी शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता रोजमेरी ब्लैंक्सवेड ने सोमवार को कहा कि 72 वर्षीय तोलेदो को रविवार की रात मेनलो पार्क शहर के सैन फ्रांसिस्को बे क्षेत्र के पास एक रेस्तरां से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि तोलेदो को सोमवार की सुबह कोई आरोप तय किए बिना रिहा कर दिया गया। तोलेदो 2001 से 2006 तक पेरू के राष्ट्रपति थे। सैन फ्रांसिस्को क्रोनिकल के अनुसार कार्यकाल पूरा होने के बाद वह स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए उत्तरी कैलिफोर्निया आ गए थे। तोलेदो अपने देश पेरू में भ्रष्टाचार के मामले में वांछित हैं। इसे लातिन अमेरिका का भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा मामला बताया जाता है। पेरू के अधिकारियों ने उनकी गिरफ्तारी के लिए 30 हजार डॉलर का पुरस्कार घोषित कर रखा है। उन पर आरोप है कि राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने ब्राजील की निर्माण कंपनी ओडेब्रेच्ट से दो करोड़ डॉलर की रिश्वत ली थी।

नक्सली सीरियल ब्लास्ट में सीआरपीएफ के 5 जवान घायल

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज शाम नक्सलियों द्वारा एक के बाद एक पांच सीरियल बारूदी सुरंग विस्फोट में सीआरपीएफ के 5 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें हेलीकाप्टर से रायपुर रेफर किया गया है। ब्लास्ट के बाद पुलिस बल की नक्सलियों से मुठभेड़ हुयी, जिसके बाद नक्सली भाग खड़े हुए। पुलिस सूत्रों के अनुसार अरनपुर थाना क्षेत्र में कोड़ोपारा एवं कमलपुर के मध्य सडक़ निर्माण का काम चल रहा है, जिसकी सुरक्षा हेतु सीआरपीएफ231 का बल तैनात किया गया है। आज सुबह भी सीआरपीएफके जवान सड़क निर्माण में संलग्न कर्मियों की सुरक्षा के लिए पहुंचे थे। वापसी के दौरान जंगल में घात लगाए नक्सलियों ने एक के बाद एक पांच सीरियल बारूदी सुरंग विस्फोट कर दिया। लगातार हुए धमाके में 5 जवान जख्मी हो गए हैं, जिन्हें हेलीकाप्टर से रायपुर रेफर किया गया है। विस्फोट के बाद तुरंत बाद नक्सलियों ने पुलिस बल पर फायरिंग शुरू कर दी।

पंचतत्व में विलीन हुए पर्रिकर

बेटे ने दी मुखाग्नि

पणजी (आरएनएस)। गोवा के मुख्यमंत्री और देश के रक्षा मंत्री रहे मनोहर पर्रिकर का निधन रविवार को हुआ था। सोमवार को गोव के ही मीरामार बीच पर राजकीय सम्मान के साथ पर्रिकर का अंतिम संस्कार किया गया। पर्रिकर के शव पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उन्हें गन सल्यूट भी दिया गया। मनोहर पर्रिकर के बेटे ने उनको मुखाग्नि दी। मनोहर पर्रिकर को अंतिम विदाई देने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गोवा की राज्यपाल मृदुला सिन्हा, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) अध्यक्ष अमित शाह, रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण और कई अन्य नेता भी गोवा पहुंचे।

चिकित्सा आधार पर नवाज की जमानत संबंधी अपील पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान का सुप्रीम कोर्ट भ्रष्टाचार के मामले में सजा काट रहे पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की चिकित्सा आधार पर जमानत के लिए की गई अपील पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। अल अजीजिया स्टील मिल भ्रष्टाचार मामले में 69 वर्षीय नवाज शरीफ दिसंबर 2018 से लाहौर की कोट लखपत जेल में सात साल की सजा काट रहे हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख की बेटी मरियम नवाज का कहना है कि शरीफ को पिछले सप्ताह एन्जाइना का चार बार आघात आया। शरीफ परिवार शिकायत करता रहा है कि प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार शरीफ को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं होने के बावजूद इलाज की उचित सुविधाएं नहीं दे रही है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने 25 फरवरी को शरीफ का अल अजीजिया स्टील मिल मामले में चिकित्सा आधार पर जमानत देने की मांग करने वाला आवेदन खारिज कर दिया था। इसके विरोध में शरीफ ने छह मार्च को अपील दायर की।

SUPREME COURT OF PAKISTAN

कांग्रेस ने जारी की लोकसभा उम्मीदवारों की पांचवीं लिस्ट

प्रणब मुखर्जी के बेटे को टिकट

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पांचवीं लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें 7 राज्यो के लिए लिए 56 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। कांग्रेस की इस पांचवीं लिस्ट में पूर्व राष्टपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी को भी टिकट दिया गया है। अभिजीत को पश्चिम बंगाल के जंगीरपुर से टिकट दिया गया है। इसी के साथ आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 132 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर दी है।

कांग्रेस की इस पांचवी सूची में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, असम, ओडिशा और लक्षद्वीप के लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया गया है। इस सूची में कुल 56 नाम हैं जिनमें तीन उत्तर प्रदेश, 11 बंगाल, एक लक्षद्वीप, सात तेलंगाना, छह ओडिशा, पांच असम और 23 नाम आंध्र प्रदेश के हैं।

उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से डॉली शर्मा, बुलन्दशहर से बंशीलाल पहाड़िया और मेरठ से हरेंद्र अग्रवाल को टिकट दिया गया है। मेरठ से पहले ओमप्रकाश शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया था। पश्चिम बंगाल में बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और रायगंज से दीपा दास मुंशी को उम्मीदवार बनाया गया है।

इससे पहले कांग्रेस उत्तर प्रदेश एवं कुछ अन्य राज्यों के लिए चार बार में कुल 81 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है जिनमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नाम भी शामिल हैं।

ऑडिटर नीरज देसाई 25 मार्च तक के लिए पुलिस हिरासत में

मुंबई। मुंबई में पुल गिरने का मामला में मुंबई की एस्प्लेनेड कोर्ट ने ऑडिटर नीरज देसाई को 25 मार्च तक के लिए पुलिस हिरासत में सौंपा.

उत्तर प्रदेश में तीन कारों से 22 किलो चांदी, 11 लाख की नकदी बरामद

मुजफ्फरनगर। जिले में एक कार की तलाशी में 22 किलो चांदी के आभूषण और दो अन्य कारों से 11 लाख की नकदी जब्त की गई है. उपजिलाधिकारी आईके द्विवेदी ने मंगलवार को यह जानकारी दी.